द इंफोनिक
एक ई-शासन सूचनापत्र
एनआईसी छत्तीसगढ़

अंक 1 सं. 4

दिसंबर 2021

**"हम महानता के सबसे करीब तब होते है, जब हम विनम्रता में महान होते है|"**

**——-"रवीन्द्रनाथ टैगोर"**

**राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केन्द्र**
**छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र**
**ए डी - 2 दूसरी मंजिल, कमरा नं. 14,15,16**
**महानदी भवन , मन्त्रालय,**
**नवा रायपुर अटलनगर**
**छत्तीसगढ़ – 492002**
**https://chhattisgarh.nic.in**




**समसामयिकी**

## माननीय प्रधानमंत्री ने टीकाकरण कवरेज हेतु माननीय मुख्यमंत्री छत्तीसगढ़ से बातचीत

3 नवंबर, 2021 को, इटली और ग्लासगो की अपनी यात्रा से लौटने के तुरंत बाद, माननीय प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने कम टीकाकरण कवरेज वाले जिलों के साथ वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से समीक्षा बैठक की। जिन जिलों में टीकाकरण कवरेज ५०% से कम था, उन जिलों की समीक्षा बैठक का प्राथमिक फोकस था। बातचीत के दौरान प्रधानमंत्री ने इन जिलों में शत-प्रतिशत टीकाकरण कवरेज सुनिश्चित करने के लिए व्यापक विचारों पर चर्चा की। माननीय प्रधानमंत्री ने छत्तीसगढ़ के माननीय मुख्यमंत्री और नारायणपुर जिले के जिलाधिकारी से बातचीत की।




## इंडक्शन प्रशिक्षण के समापन सत्र के दौरान विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर सेल) मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए

नवनियोजित NICians के चरण-1 इंडक्शन प्रशिक्षण का 19 जुलाई से 31 जुलाई 2021 तक सफलतापूर्वक आयोजन किया गया है। इस चरण-1 प्रशिक्षण में सभी HoDs ने अधिकारियों के साथ बातचीत की और विभिन्न डोमेन पर इनपुट प्रदान किए। फेज -2 इंडक्शन ट्रेनिंग 2 अगस्त से शुरू हुई और 30 अक्टूबर तक जारी रही। अच्छी तरह से तैयार किए गए प्रशिक्षण मॉड्यूल में डाटाबेस डिजाइन, एचटीएमएल और जावा, नेटवर्किंग एंड सिक्योरिटी, सॉफ्टवेयर इंजीनियरिंग, वेब एप्लिकेशन के लिए आङ्गुलार्, मोबाइल एप्लिकेशन विकास के लिए ऐओनिक् आदि को कवर किया गया था। राज्य स्तरीय इंडक्शन प्रशिक्षण के समापन के अवसर पर एक विशेष कार्यक्रम का आयोजन किया गया। छत्तीसगढ़ के विशेष पुलिस महानिदेशक (साइबर सेल) के आईपीएस राजिंदर कुमार विज मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए थे। नव नियोजित NICians मुख्य अतिथि से राज्य स्तरीय इंडक्शन ट्रेनिंग कंप्लीशन सर्टिफिकेट प्राप्त किया। संकायों, जो इस अभ्यास में शामिल थे, मुख्य अतिथि से प्रशंसा पत्र प्राप्त किया।




## राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र, छत्तीसगढ़ में NICL (क्रिकेट) लीग का आयोजन

राष्ट्रीय सूचना-विज्ञान केंद्र (एन. आई. सी.) मंत्रालय, अटल नगर, रायपुर के द्वारा प्रतिवर्ष स्पोर्ट्स मीट NICL (क्रिकेट) का आयोजन, एन. आई. सी. के अधिकारीयों एवम निक्सी के प्रोग्रामर्स के बीच खेल भावना को बढ़ावा देने हेतु किया जाता है| जिसमें एनआईसी एवं निक्सी के प्रोग्रामर्स को मिलाकर टीमों का गठन किया जाता है।

NICL की शुरुवात सात वर्ष पूर्व की गयी थी जिसमें सभी टीम आपस में खेलती हैं | खेलों को खेलने के लिए कोई विशेष उम्र की आवश्यकता नहीं होती है। यहां पर कोई भी किसी भी वर्ग कोई भी उम्र का व्यक्ति खेल सकता है।

फाइनल मैच के दिन विभाग प्रमुख विशेष अतिथि के रूप में पुरस्कार वितरण समारोह में आमंत्रित किए जाते हैं, जिसमें उत्कृष्ट खिलाड़ियों एवम टीम को सम्मानित किया जाता है। इस वर्ष NICL का शुभारम्भ दिनांक 19.11.2021 को किया गया है |



## जागरूकता | एनआईसी छत्तीसगढ़ में सतर्कता जागरूकता सप्ताह का पालन






छत्तीसगढ़ के सभी जिलों और एनआईसी स्टेट यूनिट रायपुर में 26-10-2021 से 01-11-2021 तक सतर्कता जागरूकता सप्ताह मनाया गया। इस संदर्भ में एनआईसी के महानिदेशक द्वारा 26 अक्टूबर, 2021 को सत्यनिष्ठा की शपथ दिलाई गई। SIO / HoDs / एनआईसी अधिकारी / DIOs / FMS वीडियो कांफ्रेंसिंग और वेबकास्ट के माध्यम से प्रतिज्ञा समारोह में शामिल हुए। क्विज प्रतियोगिता और निबंध प्रतियोगिता में भी अधिकारियों ने भाग लिया।

## राष्ट्रीय स्तर कार्यशाला ( National e-Vidhan Application (NeVA)





**National eVidhan Application**
Digital Legislatures
One Nation One Application

**National e-Vidhan Application (NeVA)** (एक भारत एक एप्लिकेशन) के क्रियान्वयन की समीक्षा के लिए राष्ट्रीय स्तर की कार्यशाला का आयोजन दिनांक 26-10-2021 को संसदीय कार्य विभाग, भारत सरकार एन.आई सी मुख्यालय नई दिल्ली के तकनिकी निर्देशन में विडिओ कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किया गया। सर्वप्रथम सभी राज्यों के नेवा एप्लीकेशन की क्रियान्वयन की वर्तमान स्थिति की समीक्षा की गई। राज्यों द्वारा e-Vidhan के क्रियान्वयन में आ रहे कठिनायों से मुख्यालय को अवगत कराया गया एवं बेहतर क्रियान्वयन के लिए सभी राज्यो से आवश्यक सुझाव भी लिए गए।

इस कार्यशाला में श्री अल्फ्रेड किरुबकरन पी , वैज्ञानिक – एफ (केंद्रीय सूचना आयोग, लोकसभा सचिवालय, उपाध्यक्ष सचिवालय, राज्य सभा सचिवालय, संसदीय कार्य ) एन. आई. सी. दिल्ली से एवं छत्तीसगढ़ से श्री ब्रम्हभट्ट, अवर-सचिव, संसदीय कार्य विभाग, मंत्रालय छत्तीसगढ़ शासन, छत्तीसगढ़ विधानसभा के अधिकारी एवं एन.आई सी के अधिकारी एवं विभाग के प्रोग्रामर सम्मिलित हुए।

## प्रशिक्षण विभाग द्वारा MCA / M.Sc (कंप्यूटर विज्ञान ) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु छः मासिक प्रोजेक्ट ट्रेनिंग सत्र का आयोजन (http://training.cg.nic.in)


NIC राष्ट्रीय सूचना विज्ञान केंद्र National Informatics Centre
Welcome Guest!!! Chhattisgarh State NIC Training Project
Project Training for Academic Year 2021-2022
Online Application Portal
General Instruction
Personal Information
Course Name: M.C.A. / M.Sc.(IT) / M.Sc.(CS)
First name: Enter First Name
Middle Name: Enter Middle Name
Last Name: Enter Last Name
Gender: Male / Female / Transgender
Date of Birth: DD/MM/YYYY AGE
E-mail ID: Enter Email ID
Mobile Number: Enter 10 Digit Mobile No.
Academic Information
College /Institution Name ( write Full name of your college /institution): Enter College /Institution Name
Name of HOD of college: Enter Name of HOD of college
Email of HOD: Enter HOD Email ID
Mobile no of HOD: Enter HOD Mobile No.

NIC छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र, रायपुर प्रशिक्षण विभाग द्वारा MCA / M.Sc. (कंप्यूटर विज्ञान ) अंतिम वर्ष के विद्यार्थियों हेतु पाठ्यक्रम में शामिल छः मासिक प्रोजेक्ट ट्रेनिंग सत्र का आयोजन हर वर्ष करता है। इस क्रम में इस वर्ष भी 19 नवंबर, 2021 से विभाग की वेबसाइट पर विद्यार्थियों से ऑनलाइन आवेदन आमंत्रित किये गए हैं। ये आवेदन 15 दिसंबर तक लिए जायेंगे।

तत्पश्चात लिए गए आवेदनों की जांच तथा विद्यार्थियों के दसतावेज जांच की प्रक्रिया संपन्न की जायेगी।

समस्त प्रक्रियाओं के बाद चुने हुए विद्यार्थियों के लिए प्रशिक्षण सत्र का आरम्भ 10 जनवरी 2022 से किया जाएगा। इस हेतु NIC छत्तीसगढ़ राज्य केंद्र , मंत्रालय, नवा रायपुर के अतिरिक्त 11 जिला केंद्रों का चयन किया गया जिनमें कुल 35 प्रशिक्षुओं को नामित कर प्रोजेक्ट प्रशिक्षण प्रदान किया जायेगा। इन केंद्रों में निर्देशित केंद्राध्यक्षों के मार्गदर्शन में विभिन्न प्रकार के उपयुक्त कंप्यूटर तकनीकी डोमेन का चुनाव कर इन विद्यार्थियों को प्रशिक्षित किया जायेगा. सफलता पूर्वक प्रशिक्षण पूरा करने वाले प्रशिक्षु को प्रमाण पत्र भी दिया जाएगा।